# अधिकारी अधिक सतर्कता, मुस्तैदी और जवाबदेही से कार्य करें : खींवसर



चिकित्सा मंत्री एवं बीकानेर जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

**■ खींवसर ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर वर्तमान परिस्थितियों में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की**

**बीकानेर,** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए वर्तमान परिस्थितियों में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, बीकानेर (पूर्व) विधायक सिद्धि कुमारी, संभागीय आयुक्त डॉ रवि कुमार सुरपुर, जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि तथा पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर सभी अधिकारी-कर्मचारी अधिक सतर्कता मुस्तैदी और जवाबदेही से कार्य करें। किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार द्वारा कमी नहीं आने दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सीमांत क्षेत्र के जिलों को पांच-पांच करोड़ रूपए दिए गए हैं जिससे आपदा प्रबंधन से जुड़ी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जा सकें। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने और राशि उपलब्ध करवा दी जायेगी। प्रभारी मंत्री ने बताया कि पीबीएम अस्पताल में 30 तथा सीएमएचओ को 17 सहित कुल 47 चिकित्सकों को तत्काल प्रभाव से बीकानेर जिले में नियुक्त किया गया है। सभी चिकित्सकों ने ज्वाइन कर लिया है। इसी प्रकार अतिरिक्त एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड भी उपलब्ध करवाये गए हैं। आगे भी संसाधनों की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी।

खींवसर ने कहा कि जिले के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पीबीएम का बर्न वार्ड ब्लड बैंक सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निजी अस्पतालों के संसाधनों ऑपरेशन थिएटर सहित सभी संसाधनों का डेटा बैंक अपडेट रखा जाए।

चिकित्सा मंत्री ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों तथा सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय की समीक्षा की। आपात स्थिति में क्विक रेस्पोंस के बारे में जाना। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सरकार द्वारा नहरबंदी खत्म कर दी गई है। इससे भी आमजन को राहत मिलेगी। प्रभारी मंत्री ने वर्तमान स्थिति में विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने अब तक की कार्यवाही के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्थिति पर नजर रखी हुई है और किसी भी स्थिति में क्विक रेस्पोंस सुनिश्चित किया जा रहा है।

**बीकानेर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर पीबीएम अस्पताल तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मेडिकल कॉलेज सभागार में रविवार को आयोजित बैठक के दौरान खींवसर ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में चिकित्सकीय स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। चिकित्सक और पैरा मेडिकल स्टाफ इसे समझें और अतिरिक्त संवेदनशीलता एवं सजगता रखते हुए कार्य करें।

उन्होंने कहा कि संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल होने के कारण पीबीएम अस्पताल की रोल अहम है। यहां दवाईयों और किसी प्रकार के आवश्यक उपकरणों की कमी नहीं रहे। आपात स्थिति को देखते राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त मैन पावर नियोजित कर दिया है। सभी संसाधन मुहैया करवाए गए हैं। आगे भी इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि अस्पताल की सभी एम्बुलेंस चालू रहे। आवश्यकता अनुसार एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस भी उपलब्ध करवा दी जायेगी। उन्होंने अस्पताल की मशीनरी के अलावा जेनरेटर सेट, कूलर, वाटर कूलर सहित सहित आवश्यक उपकरण भी चालू स्थिति में रखने के निर्देश दिए। जिले के निजी और सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं के बारे में जाना। दवाईयों की उपलब्धता का रिव्यू किया। उन्होंने विभिन्न विभागाध्यक्षों से उनकी तैयारियों का फीडबैक लिया।

## आईटीआई कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्रवेश की प्रक्रिया शेड्यूल घोषित कर दिया गया है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 मई से शुरू होगी। आठवीं और 10 वीं पास अभ्यर्थी विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकेंगे।

जिले में संचालित 10 राजकीय आईटीआई कॉलेजों में विभिन्न व्यवसायों की निर्धारित सीटों पर प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हालांकि 10वीं और 8वीं कक्षा का रिजल्ट फिलहाल घोषित नहीं हुआ है। आयु की गणना 1 सितम्बर 2025 से की जायेगी।

आईटीआई के दो वर्षीय पाठ्यक्रम के साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं या समकक्ष उत्तीर्ण होना चाहिए। अभ्यर्थी 10वीं उत्तीर्ण एवं 8वीं उत्तीर्ण दोनों योग्यताओं को चयन कर दोनों योग्यता वाले व्यवसाय के लिए विकल्प का चयन एक ही आवेदन में कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में एससी-एसटी के लिए 175 रूपए और अन्य अभ्यर्थियों के लिए 200 रूपए का शुल्क निर्धारित किया गया है।

गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेजों में छात्राओं से ट्रेनिंग शुल्क नहीं लिया जायेगा। प्रथम सीट अलॉटमेंट 23 जुलाई को, कक्षाएं एक सितम्बर से आईटीआई कॉलेजों में प्रवेश के शेड्यूल के मुताबिक ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 जुलाई को प्रोविजनल मेरिट लिस्ट घोषित की जायेगी।

## सार-समाचार

### मदान मार्केट मृतकों को श्रद्धांजलि दी



मदान मार्केट हादसे में मृतकों को बीकानेर व्यापार मंडल कार्यकारिणी ने श्रद्धांजलि दी।

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल की कार्यसमिति बैठक का आयोजन मॉर्डन मार्केट स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा एवं प्रस्तावों पर गहन चिंतन मनन किया गया। इस अवसर पर सिटी कोतवाली थाने के सामने मदान मार्केट में हुए हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अध्यक्ष जुगल राठी ने बताया कि व्यापार मण्डल की कार्यसमिति बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं आगामी कार्य योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई है। सभी सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण विचार सदन के पटल पर रखे। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य जानकी प्रसाद हर्ष सदन में इस हादसे के लिए शोक प्रस्ताव रखा। सभी ने शोक प्रस्ताव के दौरान इस हादसे में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। राठी ने बताया कि इस हादसे से बीकानेर का प्रत्येक नागरिक शोकाकुल है। भविष्य में ऐसी दुर्घटना ना हो इसके लिए हमें सतर्क एवं सावधान रहना चाहिए। इस अवसर पर सचिव संजय सांड ने भी अपनी संवेदना व्यक्त करते कहा कि जिला प्रशासन से हम सभी यह मांग करते हैं कि हादसे में पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिए जाने के क्रम में आगे बढकर कार्यवाही करनी चाहिए। इस बैठक में मण्डल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों सहित वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर मण्डल के प्रचार मंत्री सुशील यादव, माणक कोचर, विनोद भोजक, किशन लोहिया, साजिद सुलेमानी, तोलाराम चांडक, रामदयाल, रविन्द्र, कमल बोथरा, अनिल सोनी, दामोदर माहेश्वरी, विनोद धानुका, मनोज सोलंकी, भागीरथ ओझा, शिव सिंह शेखावत, इमरान राठौड़, विजय रांका, मनोज कल्ला, राजू सहित बड़ी संख्या में कई सदस्य उपस्थित थे।

### सर्वश्रेष्ठ कब मास्टर अवॉर्ड



स्काउट-गाइड बीकानेर मंडल को सर्वश्रेष्ठ कब मास्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड मंडल मुख्यालय बीकानेर एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोज्य शांति भंडारी मंडल स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन उनकी जन्म शताब्दी के उपलक्ष में किया गया। जिसमें स्व. सुश्री शांति भंडारी के संपूर्ण जीवन के प्रेरणास्पद व्यक्तिव की जानकारी सभी के साथ सांझा की। इस अवसर पर शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक एवं शिक्षाविद् रमेश कुमार मोदी को संपूर्ण बीकानेर मंडल में सर्वश्रेष्ठ कब मास्टर अवॉर्ड वितरण कर सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड पत्र के साथ शांति भंडारी अवार्ड शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के महर्षि दयानंद सरस्वती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विशेष भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें शाला की करूणा क्लब सदस्या एवं गाइड तनिषा सोलंकी, भावना सोलंकी एवं निशा सेन ने अपना प्रचंड भाषण प्रस्तुत करने पर विशेष प्रशंसा प्राप्त कर आए हुए अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र प्राप्त किया। यह अवॉर्ड एवं सम्मान पत्र कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक खन्ना, सहायक राज्य संगठन आयुक्त बीकानेर रामजस लिखाला, आर्य समाज मंदिर के प्रधान महेश आर्य, विजय शंकर आचार्य, कैलाश तंवर, सीओ स्काउट बीकानेर जसवंत सिंह राजपुरोहित एवं अन्य गणमान्य लोगों ने वितरित किया।

### ब्लैक आउट आदेश वापस लिए

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच जिले में नागरिक सुरक्षा नियम 1968 की धारा 2 के तहत जारी सायं 7 बजे से सूर्योदय तक ब्लैक आउट के आदेशों को जिला प्रशासन ने वर्तमान हालातों की समीक्षा के बाद वापस ले लिया है। हालांकि जिला कलेक्टर एवं नागरिक सुरक्षा नियंत्रक कानाराम ने आमजन से स्वैच्छिक ब्लैक आउट जारी रखने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक नागरिक ऐहतियात बरतें। विशेष रूप से रात को घर के बाहर की लाइटें बुझाए, स्ट्रीट लाइट्स बंद रखें और रेड अलर्ट सायरन बजते ही पूरे जिले में तत्काल ब्लैक आउट लागू करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि हमारे लिए नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। अभी आदेश हटा जरूर है लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं है। ऐहतियात में ही सुरक्षा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की ओर से जारी सूचनाएं केवल अधिकृत प्लेटफॉर्म से ही आमजन तक पहुंचेंगी। जिला कलेक्टर ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों से बचें, सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की असत्य जानकारी या फोटो/वीडियो शेयर न करें। सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा रखते हुए कहा गया है कि प्रशासन के निर्देशों का पालन करें ताकि संकट की घड़ी में एकजुट होकर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## चकगर्बी में हाउसिंग बोर्ड को आवंटित भूमि पर हुए कब्जे

**■ खसरों की जांच के लिए बीडीए ने बनाई कमेटी**

**■ हाउसिंग बोर्ड के 45 खसरों का डिमार्केशन नहीं, कब्जाई जा रही जमीनें**

**बीकानेर,** (कासं)। चकगर्बी में हाउसिंग बोर्ड को आवंटित 507 बीघा 1 बिस्वा जमीन के 45 खसरों को लेकर बड़ा गड़बड़झाला सामने आया। करीब 15 खसरों में अतिक्रमण को लेकर विवाद चल रहे हैं। कुछ खसरों की यूटीआई ने बोर्ड से पूछे बिना ही 90 ए और 90 बी कर डाली। इसके लिए अब पुराने रिकॉर्ड तलाशे जा रहे हैं।

चकगर्बी में हाउसिंग बोर्ड को आवंटित भूमि भूमाफिया की भेंट चढ़ रही है। जमीनें आगे से आगे बिक रही हैं। काफी जगह तो लोग मकान बनाकर रहने लगे हैं। बोर्ड अभियंताओं ने 41 साल बाद जमीनों की सुध ली तो पुराने रिकॉर्ड ही नहीं मिल रहे हैं। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर को भेजी गई एक फैक्चुअल रिपोर्ट को देखने से पता चला है कि भूमाफिया ने राजस्व रिकॉर्ड में अपने नाम से इंतकाल दर्ज करवाकर विवाद खड़े कर दिए हैं। राजकीय अवकाशों के दिन और कोरोना काल में यह सब फर्जीवाड़ा हुआ।

लॉक डाउन का फायदा उठाकर भूमाफिया ने चारदीवारी, कच्चे-पक्के निर्माण करवाकर आवासीय योजना का स्वरूप ही बिगाड़ डाला और बोर्ड की जमीन को खुर्दबुर्द कर दिया। इतना ही नहीं यूआईटी (अब बीडीए) ने भी बिना पूर्व सूचना दिए बोर्ड की जमीनों पर 90 बी या 90 ए की कार्यवाही कर दी।

अब इसके दस्तावेज तक उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस इमदाद तक नहीं मिल रही है। हालात ये है कि खसरा नंबर 743 की 17 बीघा सात बिस्वा भूमि को कब्जा मुक्त करवाने के लिए उप आवासन आयुक्त ने एसपी को पत्र लिखा था। उसके बाद बोर्ड के जेईएन मुकदमा दर्ज करवाने थाने भी गए लेकिन उन्हें टरका दिया गया।

राज्य सरकार ने उपनिवेशन विभाग के मार्फत हाउसिंग बोर्ड को चकगर्बी में 551 बीघा 18 बिस्वा भूमि का कीमतन आवंटन 11 नवम्बर 1983 में किया था। हाउसिंग बोर्ड ने उपनिवेशन विभाग में रकम जमा करवाकर 507 बीघा एक बिस्वा भूमि का कब्जा लिया। साथ ही 120 बीघा एक बिस्वा का कब्जा चकबंदी 8 व 9 बीकेएम चक की भूमि से प्राप्त किया। बोर्ड ने अपनी जमीन की कभी सुध ही नहीं ली।

## खंडहर क्वार्टर में मिला युवक का शव

**अनूपगढ़,** (कासं)। यहां बीकानेर रोड स्थित सरकारी पशु अस्पताल के खंडहर क्वार्टर से एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान मनप्रीत सिंह उर्फ गुरू के रूप में हुई है। वह 30 अप्रैल से लापता था।

घटना का पता तब चला जब दो युवक खंडहर क्वार्टर के पास आए। वहां से आ रही तेज दुर्गन्ध के कारण देखा तो उन्हें शव मिला। युवकों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मृतक के पिता दर्शन सिंह ने बताया कि मनप्रीत धान मंडी में मजदूर था। वह 30 अप्रैल को खाना खाकर काम के लिए निकला था। घर नहीं लौटने पर 1 मई को पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एसएचओ ईश्वर जांगिड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। हैड कांस्टेबल दिनेश मीणा की देखरेख में पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है।

## मंडी में गेहूं उठाव की रफ्तार धीमी होने से चिंता

**■ भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव और खराब मौसम के चलते पिड़ों पर पड़े 2 लाख गेहूं के थैलों को लेकर व्यापारियों ने चिंता जताई**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नई धानमंडी में एफसीआई के खरीदे गेहूं का उठाव रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। जिस गति से अभी उठाव किया जा रहा है, उससे पांच दिन में पूरा खरीदा गया गेहूं गोदामों तक पहुंचने की उम्मीद है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और खराब मौसम के चलते पिड़ों पर पड़े गेहूं के थैलों को लेकर व्यापारियों ने चिंता जताई है। शाम को मंडी में 2 लाख थैले गेहूं उठाव के लिए पड़ा होने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुकाबले रोजाना उठाव 35 से 40 हजार थैले ही हो पा रहा है। इस कारण इसी स्पीड से मंडी में खरीदे गए गेहूं को उठाने में एफसीआई को 15 मई तक का समय लग सकता है। सोमवार से मंडी में आवक बढ़ी तो हालात फिर खराब होंगे। इस बीच दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन अध्यक्ष भूपेंद्रपाल आहूजा ने कच्चा आढ़तिया संघ के माध्यम से तथा अपने संगठन के व्यापारियों से आग्रह किया है कि वे अपने किसानों को मंडी में जिंस अभी न लेकर आने को कहें। उन्होंने किसानों से यह आग्रह करने को कहा है कि अगर जरूरी नहीं हो तो एक सप्ताह मंडी में अपनी जिंस न लेकर आएं। क्योंकि मंडी में पिड़ खाली नहीं है और शेडों के नीचे भी बोरियां लगाई हुई है। ऊपर से मौसम भी खराब चल रहा है। 15 मई तक दो पश्चिमी विक्षोभ आने का अनुमान लगाया गया है।

## युवक पर जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**■ जगजीत सिंह थाने का हिस्ट्रीशीटर है उसके खिलाफ चोरी, मारपीट व लूट आदि के मामले दर्ज हैं**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। चूनावढ़ पुलिस ने 5 मई की रात को गांव 11 एचएच ढींगावाली जाटान में जानलेवा हमले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सेवक सिंह व जगजीत सिंह निवासी ढींगावाली को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया है।

मामले की जांच कर रहे एएसआई कंवरपाल सिंह ने बताया कि जगजीत सिंह थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी, मारपीट व लूट आदि के मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। आरोपियों के पकड़ में नहीं आने पर मुखबिरों को सक्रिय किया गया और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी मामले में एक अन्य आरोपी चापड़ अभी भी फरार है।

उल्लेखनीय है कि गांव 11 एचएच ढींगावाली जाटान में मामूली विवाद के बाद आरोपियों ने जसमीत सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस घटना में सेवक सिंह, जगजीत सिंह व चापड़ शामिल थे।

## बाइक चोरी करते कैमरे में कैद

**नोखा,** (कासं)। यहां बीकानेर रोड स्थित चौधरी धर्मकांटे पर दोपहर करीब 12:45 बजे बाइक चोरी का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार-रामकिशन भादू अपनी बाइक लेकर धर्मकांटे पर पहुंचे। उन्होंने बाइक बाहर खड़ी कर दी और अंदर चले गए।

करीब 25 मिनट बाद जब वे वापस आए तो बाइक गायब थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच में एक युवक को बाइक चोरी करते हुए देखा गया। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। नशे के आदी लोग छीना-झपटी की वारदातें भी कर रहे हैं। पुलिस अभी तक वाहन चोरों पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो पाई है।

## बीकानेर में रात्रि ब्लैक आउट से शादी समारोहों पर संकट

**■ आदेशानुसार शाम 7 बजे से सुबह 5 बजे तक ब्लैक आउट लागू है, जो 12 मई तक रहेगा**

**बीकानेर,** (कासं)। भारत-पाकिस्तान सीमा पर जारी तनाव के बीच बीकानेर में रविवार को दिन भले ही शांतिपूर्ण रहा लेकिन रात्रि ब्लैक आउट की स्थिति अभी भी कायम है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार शाम 7 बजे से सुबह 5 बजे तक ब्लैक आउट लागू है, जो 12 मई को दोनों देशों के बीच होने वाली बैठक के बाद ही समीक्षा के लिए विचाराधीन होगा।

शनिवार की रात को लागू ब्लैक आउट के दौरान जिला प्रशासन ने सड़क की बत्तियां बंद रखी। साथ ही नागरिकों ने भी अपने घरों की बाहरी लाइटें बंद रखीं। हालांकि घरों के अंदर की लाइटें जलती रहीं, जिससे कुछ रोशनी बाहर तक दिखाई दी। इस स्थिति का सबसे अधिक प्रभाव आगामी विवाह समारोहों पर पड़ रहा है। 13 मई को बीकानेर में बड़ी संख्या में शादियां निर्धारित हैं, जिनके लिए लोगों ने पहले से ही रिसोर्ट और वेन्यू बुक करा रखे हैं। जयपुर-जोधपुर बाइपास, जयपुर रोड, जैसलमेर रोड और शहर के भीतरी इलाकों में शादी का माहौल है।

कई परिवारों के यहां 12 मई को प्री-रिसेप्शन और अन्य रात्रिकालीन कार्यक्रम निर्धारित हैं, जिन्हें अब पुनर्निर्धारित करना पड़ रहा है।

गिन्नाणी निवासी मुरली पुरोहित ने बताया कि उनके मित्र के यहां होने वाले विवाह का कार्यक्रम बदलना पड़ रहा है। रात में लाइटिंग की अनुमति न होने के कारण सभी कार्यक्रम अंधेरा होने से पहले समाप्त करने होंगे। इवेंट कंपनियां भी 13 मई के आयोजनों को दिन में स्थानांतरित करने का दबाव बना रही हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिति अपेक्षाकृत सामान्य है। खाजूवाला, कोलायत, बज्जू सहित अन्य क्षेत्रों में आवागमन पर कोई प्रतिबंध नहीं है। बीकानेर के नाल क्षेत्र में भी बाजार सामान्य रूप से खुले हैं।

## आचार्य महाश्रमण का दीक्षा दिवस 'युवा दिवस' के रूप में मनाया



बीकानेर में आचार्य महाश्रमण के 52 वें दीक्षा कार्यक्रम को मुनि कमल कुमार ने संबोधित किया।

**■ मिनाक्षी सामसुखा ने 21 की तपस्या, सपना डागा ने 17 की तपस्या का पचखान किया**

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य महाश्रमण का 52 वां दीक्षा दिवस 'युवा दिवस' के रूप में उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमलकुमार स्वामी, मुनि श्रेयांस कुमार स्वामी के पावन सानिध्य में बोथरा भवन में स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद के नेतृत्व में मनाया गया।

उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमलकुमार स्वामी ने इस विषय पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए फरमाया कि जिस परिवार, समाज, देश में युवा शक्तिशाली होता है वह परिवार, समाज, देश उन्नति करता है। आज के दिन परिषद के सदस्य अगर पांच पांच युवकों से सम्पर्क कर उन्हें परिषद से जोड़े तो बड़ा काम हो सकता है। यहां के युवक सक्रिय और संस्कारी है अगर परिषद से जुड़े तो उनका और परिषद का दोनों का महत्व बढ़ सकता है।

आचार्य श्री महाश्रमण इस भीषण गर्मी में भी यात्रा करके गांव गांव जो जागरण कर रहे हैं। वह प्रशंसनीय ही नहीं सबके लिए अनुकरणीय है। मुनि ने फरमाया कि मुनि नमि कुमार के आज 18 की तपस्या है। मिनाक्षी सामसुखा ने 21 की तपस्या, सपना डागा ने 17 की तपस्या का पचखान किया।

मोन की पचरंगी, सामायिक की पचरंगी, आदि त्याग पचखान का क्रम बराबर चल रहा है। मुनि श्रेयांस कुमार, मुनि विमलविहारा, मुनि नमिकुमार, मुनि मुकेश कुमार ने अपने उद्गार व्यक्त किये। तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष महावीर फलोदिया, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के समिति सदस्य ललित राखेचा, तरापंथी सभा से रतन छलाणी, आचार्य तुलसी शान्ति प्रतिष्ठान से राजेन्द्र पारख, तेरापंथ न्यास से जतनलाल दुगड़, राजेन्द्र सेठिया, महिला मण्डल से जयश्री भूरा, कनक गोलछा, पांची बाई, धारा भंसाली, अणुव्रत समिति से मनीष बाफना ने अपने उद्गार व्यक्त किये।

## सरहदी गांवों का दौरा कर जायजा लिया



पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद ने सरहदी गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से हालात की जानकारी ली।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद ने रविवार को भारत-पाक सीमा पर स्थित ग्राम 43 पीएस, 41 पीएस, 37 पीएस, 35 पीएस, लक्खा हाकम में ग्रामवासियों से मुलाकात की व बॉर्डर पर तनाव एवं युद्ध की स्थिति देखते हुए उनसे चर्चा कर प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने व ब्लैक आउट करने पर सभी को अति आवश्यक रूप से उसका पालन करने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, सेना की गतिविधियों का कोई भी फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर नहीं लगाने संबंधी विषयों पर आमजन को जागश्रक किया।

निहालचंद ने ग्रामवासियों को विश्वास दिलाया कि भारतीय सेना व केन्द्र सरकार हर परिस्थिति का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि जब-जब सीमा पर तनाव होता है, यहां के नागरिक सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी भय के जागरूक व सतर्क रहकर अपने रोजमर्रा के कार्यों को करते रहें। वहीं भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए सूरतगढ़ की सिटी थाना पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रविवार को शहर के होटल और धर्मशालाओं में विशेष तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य संदिग्ध व्यक्तियो की गतिविधियों की जांच करना था ताकि क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।